# भारत के पीएम सज्जन व्यक्ति, मुझे हैं पसंद

**तारीफ** डोनाल्ड ट्रंप ने फिर एक बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की

■ट्रंप और पीएम मोदी अक्सर करते रहते हैं बातचीत, सार्वजनिक नहीं होती है घोषणा
■ट्रंप बोले– मुझे इस देश की मीडिया से ज्यादा पसंद करते हैं भारत के लोग



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर एक बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अत्यंत सज्जन व्यक्ति हैं और मैं उन्हें पसंद करता हूं। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप पहले भी भारत के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित कर चुके हैं।

**ट्रंप और पीएम मोदी अक्सर करते हैं बातचीतः** सूत्रों के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के उन कुछ नेताओं में शामिल हैं, जिनके ट्रंप के साथ निकट मित्रवत संबंध हैं। वे अकसर एक–दूसरे से बात करते हैं और उनकी बातचीत आमतौर पर सार्वजनिक नहीं होती है।

**ट्रंप बोले- मुझे पीएम मोदी पसंद** ट्रंप ने गुरुवार को ओवल ऑफिस में व्हाइट हाउस के संवाददाताओं से बाचतीच में कहा कि मुझे पीएम मोदी पसंद है। मुझे आपके प्रधानमंत्री काफी पसंद हैं। वह अत्यंत सज्जन व्यक्ति हैं। वह शानदार काम कर रहे हैं।

**बातचीत अक्सर नहीं होती सार्वजनिकः** उन्होंने एक पखवाड़े से भी कम समय में दूसरी बार मोदी से बातचीत की पुष्टि की है। दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत का ब्यौरा न तो व्हाइट हाउस और न ही प्रधानमंत्री कार्यालय ने जारी किया है, लेकिन ट्रंप की सार्वजनिक टिप्पणियों से प्रतीत होता है कि वह और मोदी नियमित तौर पर एक–दूसरे से बात करते हैं।

**यूएस की मीडिया से ज्यादा भारतीय करते हैं पसंदः** ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह भारत में अपनी लोकप्रियता के बारे में जानते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि मैं भारत में लोकप्रिय हूं। भारत के लोग मुझे पसंद करते हैं। निश्चित ही वे मुझे इस देश की मीडिया से अधिक पसंद करते हैं। बता दें कि ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत में भी भारत और मोदी के प्रति अपना प्रेम और स्नेह दर्शाया था।

**इवांका भी कई बार कर चुकी हैं तारीफः** ह्यूस्टन में पिछले साल सितंबर में हाउडी मोदी कार्यक्रम और इस साल फरवरी में अहमदाबाद में नमस्ते लंदन कार्यक्रम के बाद ट्रंप ने मोदी की तारीफ करने का कोई अवसर नहीं गंवाया है। ट्रंप के अलावा उनके परिवार के अन्य सदस्य भी भारत और भारतीय अमेरिकी लोगों के प्रति प्रेम दर्शाते हुए कई बार ट्वीट कर चुके हैं।

## न्यूज डायरी



### ट्रंप ने दिखाई आंख, तो अब चीन बोला– हिंदी–चीनी भाई–भाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। भारत–चीन सीमा विवाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सक्रियता के बाद चीन के रूख में नरमी देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां भारत में चीन के राजदूत सुन वीडोंग ने कहा कि दोनों देश एक–दूसरे के लिए खतरा नहीं हैं। वहीं, चीन सरकार के प्रोपगेंडा मैगजीन ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि चीन और भारत को वर्तमान में सीमा पर जारी गतिरोध को हल करने के लिए अमेरिका की सहायता की जरूरत नहीं है। बता दें कि ट्रंप ने एक ट्वीट में कहा था कि हमने भारत और चीन दोनों को सूचित किया है कि अमेरिका सीमा विवाद में मध्यस्थता करने के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम है। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से ट्रंप के ट्वीट के जवाब में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आयी है लेकिन सरकारी समाचारपत्र ग्लोबल टाइम्स में छपे एक लेख में कहा गया है कि दोनों देशों को राष्ट्रपति ट्रंप की ऐसी सहायता की जरूरत नहीं है।

### पाकिस्तान में कोविड–19 के मामले 64,000 के पार, मृतक संख्या 1,317 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस के 2,636 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 64,028 हो गए। वहीं 57 और लोगों की जान जाने के बाद मरने वालों की संख्या 1,317 हो गई।राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार सिंध में 25,309, पंजाब में 22,964, खैबर पख्तूनख्वा में 8,842, बलूचिस्तान में 3,928, इस्लामाबाद में 2,100, गिलगित–बाल्टिस्तान में 658 और आजाद कश्मीर (पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर) में 227 मामले हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में अभी तक 23,305 मरीज ठीक हो चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 11,931 जांच की गई। अभी तक कुल 5,20,017 लोगों की जांच की गई है।इस बीच, पेशावर में एक वरिष्ठ पत्रकार की बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस से मौत हो गई।

### गतिरोध दूर करने के लिए भारत,चीन को अमेरिका की मदद की जरूरत नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन और भारत को वर्तमान में सीमा पर जारी गतिरोध को हल करने के लिए अमेरिका की सहायता की जरूरत नहीं है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने में मध्यस्थता करने की पेशकश की थी, जिसके बाद चीन की मीडिया में यह प्रतिक्रिया सामने आयी है। ट्रंप ने एक ट्वीट में कहा था, ''हमने भारत और चीन दोनों को सूचित किया है कि अमेरिका सीमा विवाद में मध्यस्थता करने के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम है।'' चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से ट्रंप के ट्वीट के जवाब में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आयी है लेकिन सरकारी समाचारपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' में छपे एक लेख में कहा गया कि दोनों देशों को राष्ट्रपति ट्रंप की ऐसी सहायता की जरूरत नहीं है।

### ट्विटर, फेसबुक पर क्यों सख्त हुए डोनाल्ड ट्रंप? कहीं ये वजह तो नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिली कानूनी प्रोटेक्शंस खत्म करने वाले आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अब रेगुलेटर्स के पास यह अधिकार होगा कि फेसबुक, ट्विटर जैसे प्लैटफॉर्म्स के कंटेंट पर फैसलों को लेकर कानूनी कार्रवाई कर सकेंगे। इस आदेश के जरिए कम्युनिकेशंस डीसेंसी ऐक्ट के सेक्शन 230 में बदलाव की पहल की गई है। ट्रंप के इस फैसले की सोशल मीडिया जगत में खासी आलोचना हो रही है मगर उन्होंने इसके संकेत कई बार दिए थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने ऑर्डर पर साइन करते हुए भी यही कहा कि सोशल मीडिया के पास अनचेक्ड पावर है। वह इन प्लैटफॉर्म्स पर कंजरवेटिव आवाजों को दबाने का आरोप भी लगाते आए हैं। ट्रंप लंबे वक्त से ट्विटर, फेसबुक जैसी साइट्स की आलोचना करते रहे हैं। मंगलवार को ट्विटर ने उनके दो ट्वीट्स के साथ फैक्ट चेक के लिंक्स लगा दिए।

## इस देश ने फिर से बंद कर दिए सारे स्कूल–कॉलेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया में लॉकडाउन में मिली छूट के बाद संक्रमण के मामलों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। जिसके कारण राजधानी सियोल और उसके आस–पास के इलाकों में स्कूल–कॉलेजों को दोबारा बंद करने के आदेश दे दिए गए हैं। बता दें कि दक्षिण कोरिया में पिछले 50 दिन में बृहस्पतिवार को सबसे ज्यादा कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं।

शिक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा था कि वायरस संबंधी चिंताओं की वजह से 561 स्कूलों में पढ़ाई शुरू होने में देरी होगी। केसीडीसी निदेशक जोंग यून–कियोंग ने कहा कि देश में फिर से सोशल डिस्टेंसिंग प्रतिबंध लगाने की जरूरत पड़ सकती है क्योंकि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए लोगों की बढ़ती गतिविधियों की वजह से संक्रमण के संपर्कों का पता लगाना मुश्किल है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि संक्रमण के उभरते मामलों का पता लगाना मुश्किल है और सोशल डिस्टेंसिंग समेत अन्य तरह के कदम उठाए जाने की जरूरत है। कोरिया बीमारी नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने कहा कि नए 79 मामलों में से 67 सियोल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र से है। कोरिया की कुल 5.1 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यहीं रहती है।



**पुलिस हिरासत में अश्वेत की मौत के बाद अमेरिका में भड़की हिंसा**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिनियापोलिस। अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अश्वेत की मौत के बाद से भड़की हिंसा के कारण यूएस नेशनल गार्ड को तैनात किया गया है। बता दें कि सोमवार को 46 वर्षीय अश्वेत नागरिक जॉर्ज फ्लॉयर्ड की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। मौत का वीडियो वायरल होने के बाद से ही मिनियापोलिस में विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है, लेकिन इसके हिंसक होने के बाद से शहर में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार उपद्रवियों ने पुलिस स्टेशन में तोड़ फोड़ की, वहीं रास्ते में खड़ी कारों में आग भी लगाई।

## क्रैश विमान के मलबे से मिले तीन करोड़ रुपये, सुरक्षा जांच पर उठे सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

97 लोगों की हुई थी मौत, शवों की पहचान अब भी जारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कराची में पीआईए के दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से तीन करोड़ रुपये की नकद राशि बरामद हुई है। इस विमान में 99 लोग सवार थे जिनमें से नौ बच्चे समेत 97 लोगों की मौत हो गई थी। विमान पीके–8303 लाहौर से कराची जा रहा था और इसी दौरान वह कराची इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट के रिहाइशी इलाके में पिछले सप्ताह क्रैश हो गया। चमत्कारी तरीके से दो यात्री इसमें सुरक्षित बच गए।

एक अधिकारी ने बताया कि विमान के मलबे से जांचकर्ता और बचाव अधिकारियों ने विभिन्न देशों की मुद्राएं बरामद की हैं जिसकी कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जांच के आदेश दिए गए हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नकद राशि हवाईअड्डे की सुरक्षा और सामान जांच तंत्र से कैसे पास हो गयी। उन्होंने कहा कि यह राशि दो थैलों में पड़ी मिली है।

**शवों की जांच प्रक्रिया जारीः** अधिकारी ने बताया कि शवों और सामान की पहचान की प्रक्रिया चल रही है ताकि इसे उनके परिजन को सौंपा जा सके। इस दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों समेत 97 लोगों की मौत हो गई। यह पाकिस्तान के इतिहास में अब तक की बड़ी विमान दुर्घटनाओं में से एक है। बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने बताया कि 47 शवों की पहचान कर ली गई है और अब तक 43 शवों को अंतिम संस्कार के लिए परिवार वालों को सौंप दिया गया है।

**क्या पायलट की गलती से हुआ हादसा!:** पाकिस्तानी जांचकर्ता इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह हादसा पायलट की गलती से हुआ या किसी तकनीकी खामी के कारण। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है पायलट ने उड़ान के दौरान एटीसी की तीन चेतावनियों को अनसुना कर दिया था। जब हवाईअड्डे से विमान महज 10 समुद्री मील दूर था, तब विमान 3,000 फीट की बजाय 7,000 फीट की ऊंचाई पर था।

## न्यूजीलैंड ने डिस्चार्ज किया आखिरी कोरोना वाइरस मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूजीलैंड। कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई के लिए लगातार तारीफ पा रहे न्यूजीलैंड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। लगातार पांच दिन से न्यूजीलैंड में कोई नया केस नहीं आया है। यही नहीं, अब देश में कोई भी कोरोना मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं है। आखिरी मरीज को ऑकलैंड के मिडिलमोर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। करीब 50 लाख की आबादी वाले इस देश में कुल 1504 लोग कोरोना की चपेट में आए थे और 22 लोगों की मौत हुई थी। देश की प्रधानमंत्री Jacinda Ardern के नेतृत्व की शुरुआत से ही मिसाल दी जा रही है। सभी केस खत्म होने के साथ ही न्यूजीलैंड ने एक ऐप लॉन्च किया है जिसकी मदद से हेल्थ केयर प्रफेशनल्स को केस के अपडेट्स मिलेंगे। यहां कोरोना के मामले सामने आने के साथ ही सक्रियता दिखाई गई और आखिरकार लोकल ट्रांसमिशन को रोक दिया गया। साथ ही वायरस को पूरी तरह से खत्म करने का प्लान बनाया। गया। माइक्रोबायॉलजी प्रफेसर साउक्सी वाइल्स के मुताबिक इससे यह सीखने की जरूरत है कि ऐसा किया जा सकता है।